## बकरे को खिलाया चिप्स और कार में भरकर ले भागे




### पुलिस ने तीन बकरा चोरों को किया गिरफ्तार

**शहडोल, देशबन्धु।** जिले में बकरा चोरी का एक एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसमें चोरों ने लग्जरी कार में सवार होकर पहुंचे युवकों ने एक दुकानदार से पहले चिप्स खरीदा और दुकान के सामने खड़े बकरे को चिप्स खिलाने के बाद उसे कार में भरकर ले भागे।

लेकिन इन चोरों की होशियारी उन्हें उस वक्त भारी पड़ गई जब उनके द्वारा चिप्स के लिए फोन पे से किए गए भुगतान की मदद से पुलिस उनके पास तक पहुंच गई और उन्हें गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी का बकरा सहित कार को जब्त कर लिया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ार में रूंगटा तिराहे के पास रहने वाले दुकानदार अनिल केवट की दुकान है। एक लग्जरी कार में सवार धनपुरी निवासी अनीश अख्तर उर्फ मिंटू, इमरान और वारिश दुकान पहुंचे और उन्होंने दुकानदार से चिप्स खरीदा। फिर दुकान के बाहर बंधे बकरे को हाथ से चिप्स खिलाते हुए कुछ ही देर में लग्जरी कार में बंद कर लिया और उसे लेकर भाग गए।

दुकानदार अनिल ने जब देखा की दुकान के सामने बांध बकरा नदारत है तो वह भी हैरान हो गया। अनिल तुरंत थाने पहुंचा और पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने जब इस संबंध में तहकीकात हुई तो पीड़ित अनिल ने बताया कि बकरा नदारत होने से कुछ देर पहले यहां कुछ लोग कार से पहुंचे थे और उन्होंने चिप्स खरीद कर फोन पे से भुगतान किया है। इसके बाद पुलिस ने फोन के माध्यम से किए गए पेमेंट की डिटेल निकलवाई और उसके बाद चोरों तक पहुंच कर तीनों चोरों को गिरफ्तार कर लिया।

बुढ़ार थाना प्रभारी संजय जायसवाल ने बताया कि बकरा चोर गिरोह के तीन सदस्यों को पुलिस ने साइबर सेल की तकनीकी मदद से गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने दुकान से चिप्स खरीदकर बकरे को चिप्स खिलाकर कार में लेकर भाग गए थे।

## गर्म कपड़े पाकर ग्रामीणों के खिल उठे चेहरे

### रोटरी क्लब शहडोल ने देवगवां में किया आयोजन

**शहडोल, देशबन्धु।** इन दिनों तेज शीत लहर चल रही है और कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। भीषण ठंड को देखते हुए रोटरी क्लब शहडोल के सदस्यों ने समीप भारतीय गांव देवगवां पहुंचकर ग्रामीणों को गर्म कपड़ों का वितरण किया गर्म कपड़े पाकर ग्रामीणों के चेहरे में मुस्कान आ गई।

रोटरी क्लब शहडोल ने क्लब के अध्यक्ष रोटेरियन संजय कुमार शर्मा के नेतृत्व में ग्राम देवगँवा के जरूरतमंद ग्रामीणों को गरम कपड़ों का वितरण कार्यक्रम 1 दिसंबर को आयोजित किया गया। इस ठंड के मौसम में यह पहल निश्चित रूप से इन लोगों के लिए काफी राहतमंद साबित होगी। इस दौरान ग्रामीणों नें रोटरी क्लब के इस नेक काम के लिए आभार व्यक्त किया।

रोटरी क्लब शहडोल ने क्लब के अध्यक्ष रोटेरियन संजय कुमार शर्मा ने बताया कि रोटरी क्लब शहडोल एक सामाजिक सेवा संगठन है जो समुदाय के लोगों के लिए विभिन्न प्रकार के कार्य करता है,क्लब के सदस्य समय समय पर जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए आगे आते हैं। कार्यक्रम में प्रकाश गुप्ता पूर्व अध्यक्ष, राजेश गुप्ता पूर्व अध्यक्ष, डॉ आर.




डी. दुबे कार्यक्रम संयोजक, सतेंद्र सोनी सचिव, डॉ दीपक कुशवाहा कोषाध्यक्ष, रविशंकर पाठक, धर्मेंद्र नामदेव, केके. गुप्ता, अमित गुप्ता, डॉ अभिषेक गर्ग, अमित गुप्ता (बंटी), अजय मूंदड़ा, विनोद प्रधान, विपिन द्विवेदी, संदीप उपाध्याय एवं ग्राम के उप सरपंच गया यादव तथा भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### सिंगरौली में कॉम्बिंग गश्त में 218 को पकड़ा



**सिंगरौली, देशबन्धु।** प्रदेश स्तरीय रात्रि काम्बिंग गश्त के दौरान 30 नवबंर की मध्यरात्रि को 300 से अधिक पुलिस कर्मियों की अलग अलग टीमों ने नाइट कॉम्बिग गश्त के दौरान गिरफ्तारी वारंटी, फरारी वारंटी, स्थाई वारंटी, इनामी बदमाशों, जिला बदर व इनामी/ गुण्डा/निगरानी बदमाश के साथ अन्य अपराधों में फरार आरोपियों की धरपकड़ करते हुए 218 आरोपियों पर कार्रवाई की।

जिले में पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार वर्मा के नेतृत्व में एवं अनुभाग के समस्त राजपत्रित अधिकारियों (पुलिस) के मार्गदर्शन में 300 से अधिक पुलिस अधिकारी/कर्मचारियो की अलग अलग टीमें बनाकर एवं उन्हे ब्रीफ कर नाइट कॉम्बिंग गस्त की। रात भर चली इस कार्यवाही में लगभग छह घण्टे में 39 गिरफ्तारी वारंटी आरोपी गिरफ्तार किए हैं। पांच स्थायी वारंटियों को गिरफ्तार किया गया। 79 निगरानी बदमाश, 80 गुण्डा बदमाश को चेक किया गया तथा दो आबकारी एक्ट के प्रकरण पंजीबद्ध कर शराब जब्त की गई। एवं अन्य पांच अपराधों के आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इस दौरान शहर एवं कस्बों में एटीएम एवं बैंकों की सुरक्षा में लगाए गए उपकरण एवं सुरक्षा गार्डों को भी चेक किया गया। रात्रि कॉम्बिग गस्त के दौरान जिले के राजपत्रित अधिकारी एवं थाना/चौकी प्रभारीरियों नें पेट्रोलिंग कर प्रमुख चौक-चौराहों पर आने जाने वालों से पूछताछ की गई। इस दौरान बेवजह घूमते पाये गये युवकों को पुलिस अधिकारियों ने समझाईश दिया गया, वही परिवारजन के साथ सफर कर रहे व्यक्तियों को कोई दिक्कत ना हो उसका भी ध्यान रखा गया। यह कार्यवाही पूरे जिले में एक साथ की गई।

### पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय पन्ना में कार्यक्रम, विद्यार्थियों ने दी आकर्षक प्रस्तुति

**पन्ना, देशबन्धु।** पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय पन्ना में प्राथमिक विभाग की गतिविधियों के अंतर्गत नौनिहालों में बुजुर्गों के प्रति आदर व सम्मान की भावना को विकसित करने के उद्देश्य से शनिवार को दादा-दादी एवं नाना-नानी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि पूजा दाहिया, गोविन्द तिवारी एवं स्वरुप कुमारी बुंदेला उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में विद्यालय के चौथी और पांचवी कक्षा के विद्यार्थियों ने कव्वाली की शानदार प्रस्तुति दी। पहली व दूसरी कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा लघु नाटिका, गुब्बारा नृत्य व फैंसी रैंप वॉक की आकर्षक प्रस्तुति दी गई। इस दौरान विद्यालय प्रबंधन द्वारा दादा-दादी व नाना-नानी के लिए भी विभिन्न तरह की खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें विजेता रहे दादा-दादी व नाना-नानी को उपहार देकर सम्मानित किया गया। प्राचार्य अमित दाहिया ने बताया कि इस अभिनव पहल में रोचक गतिविधियों के माध्यम से नौनिहाल बच्चों में दादा-दादी व नाना-नानी के प्रति प्रेम व सम्मान की भावना को जागृत करने का प्रयास किया गया। प्राचार्य ने उपस्थित विद्यार्थियों के दादा-दादी व नाना-नानी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे जीवन में इनकी भूमिका अहम है। हमें सदैव उनका आदर और सम्मान करना चाहिए। मंच संचालन दीपेश दीक्षित, रचना एवं कक्षा पांचवी की छात्राओं द्वारा किया गया।

### शासकीय कन्या हाई स्कूल महेवा में छात्राओं को यातायात के नियमों से कराया अवगत

**पन्ना, देशबन्धु।** यातायात थाना प्रभारी द्वारा लगातार विभिन्न विद्यालयों मे पंहुचकर छात्र छात्राओ को यातायात नियमो के संबंध में अवगत कराया जा रहा है। इसी कड़ी में यातायात निरीक्षक नीलम लक्षकार द्वारा शासकीय कन्या हाई स्कूल महेवा के शिक्षको व छात्राओं में यातायात के प्रति जागरूकता लाये जाने के लिए यातायात जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं को ट्राफिक सिग्नल, रोड़ साइन, रोड मार्किंग, एक्सीडेण्ट के कारण, बचाव हेतु सावधानियाँ, राइट आफ वे, एमरजेंसी केयर, गुड सेमेरिटन योजना तथा बच्चों को रोड पर पैदल चलते समय या रोड क्रास करते समय क्या-क्या सावधानियाँ रखनी चाहिए व साइकिल चलाते समय कौन-कौन सी बातों का ध्यान रखना चाहिए आदि विषयों पर विस्तृत जानकारी दी। जागरुकता कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के समस्त स्टाप सहित सभी छात्राओं को यातायात नियमों का पालन करने की अपेक्षा की गई। इस दौरान सहायक उपनिरीक्षक महेश तिवारी, प्रधान आरक्षक सुनील पान्डेय, कमलेश सिंह आदि शामिल रहें।

## सरपंच और जीआरएस की सांठगांठ से चल रहा फर्जीवाड़ा




### ग्राम पंचायत के ग्रामीणों ने कलेक्टर को सौंपी शिकायत

**शहडोल, देशबन्धु।** जनपद पंचायत गोहपारु की ग्राम पंचायत लोढ़ी में सरपंच और ग्राम रोजगार सहायक द्वारा सांठ गांठ कर शासकीय राशि हड़प की जा रही है। इस संबंध में ग्राम वासियों ने 15 बिंदुओं की एक शिकायत कलेक्टर केदार सिंह को सौंप कर इस पूरे मामले की जांच कराए जाने की मांग की है। इस पूरी शिकायत का केंद्र बिंदु रोजगार सहायक आशुतोष गौतम है।

कलेक्टर को सौंपी गई शिकायत मैं ग्रामीणों ने उल्लेख किया है कि ग्राम पंचायत लोढी के खाते से पंचायत दर्पण ऐप एवं ई ग्राम स्वराज योजना में उर्जा बिल लगाकर भ्रष्टाचार की सीमा को पार कर जमकर राशि का दुरूपयोग किया गया है। इसके अलावा श्री सांई सुरभि आनलाइन एण्ड जनरल स्टोर्स का बिल वित्तीय वर्ष में 16 बिल राशि 60 हजार सात सौ का भुगतान किया गया है जो कि जनरल दुकान से क्या क्रय किया गया यह संदेह के घेरे में है जो कि पूर्णत: गलत है। इसकी जांच कराई जाये। साथ ही ए प्लस कम्प्यूटर एवं दीपा कम्प्यूटर के नाम से कम्प्यूटर रिपेरिंग हेतु एक वित्तीय वर्ष में कुल 10 बिल राशि 85 हजार रुपए आहरित किया गया है, जबकि कम्प्यूटर रिपेरिंग में इतनी बडी राशि की आवश्यकता नही होती जो पूर्णत: गलत है इसकी जांच कराई जाये।

शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि नंगाली यादव एवं सतेन्द्र गुप्ता के नाम से कुल बिल 7 राशि 40 हजार रुपए है जबकि पंचायत अंतर्गत कोई कार्यक्रम नही हुआ कि इतने बडे राशि की मिठाई बाटी गई है जो पूर्णत: गलत है इसकी जांच कराई जाए।

शिकायत में यह उल्लेख भी किया गया है कि गोलू टेन्ट हाउस राम सुन्दर के नाम से 4 बिल राशि 14 हजार 750 रुपए एवं भारत विशाल टेन्ट हाउस के नाम से 57 हजार एक सौ का भुगतान किया हैं जबकि ग्राम पंचायत अंतर्गत टेन्ट का उपयोग कही किया ही नहीं गया है। स्टेशनरी क्रय के नाम से शिवान्शु ट्रेडर्स के नाम से 60 हजार रुपए का बिल् का भुगतान किया है, पारस इलेक्ट्रिकल्स व अन्य इलेक्ट्रिकल्स के नाम से 1 लाख 74 हजार रूपए आहरण किया गया है, सुनील कुमार तिवारी के नाम से 68 हजार रूपए का भुगतान किया गया है, विकास इन्टर प्राइजेज के नाम से 14 बिल राशि 2 लाख 48 हजार का और निशान्त ट्रेडर्स के 20 बिल का 2 लाख 45 हजार रूपए का भुगतान किया गया है जबकि भौतिक स्तर पर ग्राम पंचायत में कोई निर्माण कार्य नहीं हुआ है जो पूर्णत: संदेह है इसकी जांच कराई जाए।

## अमानक खाद, बीज बेचने वालों पर करें कार्रवाई : कमिश्नर

**शहडोल, देशबन्धु।** कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता ने शहडोल संभाग के कलेक्टरों को निर्देश दिए की शहडोल संभाग के तीनों जिलों शहडोल, उमरिया एवं अनूपपुर में कक्षा 10 वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षा का परिणाम बेहतर हो इसके लिए कलेक्टर्स व विभागीय अधिकारी विद्यालयों का निरीक्षण कर विद्यालयों में दी जा रही शिक्षा की गुणवत्ता की जांच करें तथा लापरवाही बरतने पर संबंधितों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करें।

उन्होंने कहा कि परीक्षा परिणाम सुधारने के लिए एक्स्ट्रा क्लास व विद्यार्थियों से प्रश्न पत्र भी हल करवाए। उन्होंने कहा कि बोर्ड परीक्षा परिणाम के लिए ब्लॉक स्तर के अधिकारी फील्ड पर जाएं तथा कलेक्टर, अधिकारियों की ड्यूटी लगाएं और सतत् मॉनिटरिंग भी करें। कमिश्नर ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों से शहडोल संभाग के विद्यालयों में वितरित की जा रही साइकिलो के संबंध में जानकारी ली तथा कहा कि साइकिल वितरण में किसी भी प्रकार की शिकायतें न आए यह सुनिश्चित करेंगे।

कमिश्नर ने कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ पात्र किसानों को मिले यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शहडोल संभाग में बीज की उपलब्धता रहे तथा अमानक खाद, बीज बेचने वालों के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्यवाही करें। कमिश्नर ने महिला बाल विकास विभाग की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए की आंगनबाड़ी केंद्रों में शत प्रतिशत बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित हो तथा बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्र में दी जाने वाली सभी समस्त सेवाएं भी उपलब्ध रहे यह सुनिश्चित करें। कमिश्नर ने मातृत्व वंदना योजना में प्रगति नहीं होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की तथा प्रगति लाने के निर्देश संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास को दिए। कमिश्नर ने कलेक्टरों को निर्देश दिए की 9 दिसंबर को गीता जयंती मनाई जाएगी इसके लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर लें। उन्होंने कहा कि जिला अस्पतालों, रैन बसेरों में ठंड के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए पर्याप्त कंबल, बेड्स, अलाव सहित अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए जिससे ठंड की वजह से कोई भी अप्रिय घटना न हो। कलेक्टर कॉन्फ्रेंस में कलेक्टर शहडोल डॉ.केदार सिंह, कलेक्टर अनूपपुर हर्षल पंचोली, कलेक्टर उमरिया धरणेन्द्र जैन, उपायुक्त राजस्व श्रीमती मिनीषा पांडे, शहडोल संभाग के जिला पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## जिले में पर्याप्त उर्वरक, फिर आ रहे है उर्वरक रैक : उप संचालक कृषि

**सिंगरौली, देशबन्धु।** उपसंचालक कृषि आशीष पाण्डेय के द्वारा अवगत कराया गया है कि जिले में वर्तमान समय में 4405 मीट्रिक टन उर्वरक उपलब्ध है । उन्होंने बताया कि जिले में मार्कफेड़ गोदामों एवं समितियों में यूरिया 2250 मीट्रिक टन, डी.ए.पी 760 मीट्रिक टन, एसएसपी 300 मीट्रिक टन उर्वरक का स्टॉक उपलब्ध है। 2 से 3 दिवस के भीतर 1300 मीट्रिक टन एन.पी.के एवं एक सप्ताह के भीतर 2700 मीट्रिक टन डीएपी+ टीएसपी उर्वरक का स्टॉक मार्कफेड़ गोदामों एवं समितियों में उपलब्ध करवा दिया जायेगा ताकि जिले में उर्वरक की पर्याप्त सप्लाई बनी रहे। जिला कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला ने मार्कफेड़ गोदामों में उर्वरक वितरण में सहजता हेतु नए डिस्ट्रीब्यूशन काउंटर खोलने के निर्देश भी दिए है।

## जिले में संचालित होती है 108, समय पर दवाइयां व साफ सफाई पर दिया जा रहा ध्यान

**ब्यौहारी, देशबन्धु।** शहडोल जिले सहित मध्य प्रदेश में जय अंबे इमरजेंसी सर्विस द्वारा 108 जननी एवं 108 एंबुलेंस को संचालित की गई थी जिसका समय-पर दवा एवं साफ सफाई का विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

इस संबंध में जब हमारे प्रतिनिधि ने जिला प्रबंधक सजनी तिवारी से जानकारी ली गई उनके द्वारा बताया गया है कि 108 जननी एवं 108 एक्सप्रेस दोनों गाड़ियों में समय पर दवा एवं साफ सफाई का विशेष ध्यान दिया जा रहा है। समय पर डॉक्टरों की टीम द्वारा गाड़ियों की जांच किया जा रहा है जो सही पाया गया है और हमारा स्टाफ रातों दिन 24



घंटा जनता की सेवा में तत्पर रहता है 108 जननी एक्सप्रेस का काम गर्भवती महिलाओं को उनके घर से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिविल हॉस्पिटल जिला अस्पताल एवं इन हॉस्पिटलों से उनके घर तक पहुंचाना रहता है और 108 इमरजेंसी गाड़ी का काम घायलों को घटनास्थल से सिविल हॉस्पिटल एवं जिला अस्पताल तक समय पर पहुंचना रहता है जो स्टॉप जनता के बीच अपना विश्वास जमा कर रखे हुए हैं घायलों एवं गर्भवती महिलाओं को समय पर गाड़ियां उपलब्ध हो रही हैं हम और हमारा स्टाफ जनता की सेवा के लिए हमेशा तात्पर्य रहेंगे मिली जानकारी के अनुसार जब से मध्य प्रदेश सहित शहडोल जिले में जय अंबे इमरजेंसी सर्विस द्वारा इसका जिम्मा अपने ऊपर लिया है तब से समय पर जनता के बीच इन गाड़ियों की सेवा दी जा रही है जिससे जनता खुश नजर आ रही है।

## गेम और फन के साथ सुहासनी संघ का दो दिवसीय शरद मेले का शुभारंभ

**सिंगरौली, देशबन्धु।** एनटीपीसी विंध्याचल का बहुप्रतीक्षित सुहासिनी संघ का दो दिवसीय स्वर्णोत्सव शरद मेला का शुभारंभ दिनांक 30 नवंबर 2024 को परियोजना के नेताजी सुभाषचंद्र बोस लेक पार्क में भव्य रूप से किया गया। हमारी धरती, हमारा भविष्य की थीम पर आयोजित इस मेले का उदघाटन मुख्य अतिथि क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (उत्तर) एनटीपीसी लिमिटेड एनएस राव एवं अध्यक्षा(उत्तरा महिला समिति) श्रीमती विजया राव द्वारा किया गया।

यह शानदार आयोजन ई. सत्य फणि कुमार, कार्यकारी निदेशक (विंध्यनगर) के नेतृत्व और श्रीमती सरोजा फणि कुमार, सुहासिनी संघ की अध्यक्षा की मार्गदर्शन में हुआ। यह कार्यक्रम संस्कृति, समुदाय और समरसता का सुंदर मिश्रण था, जिसने सभी उपस्थित अतिथियों पर गहरी छाप छोड़ी।इस अवसर पर मुख्य अतिथि एनएस राव, क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (उत्तर), एनटीपीसी लिमिटेड और श्रीमती विजया राव, उत्तर महिला क्लब की अध्यक्षा इस कार्यक्रम में शामिल हुई। साथ ही उत्तर क्षेत्र मुख्यालय से समीरन सिन्हा रे, क्षेत्रीय मानव संसाधन प्रमुख (उत्तर) और संगीता सिन्हा रे, वरिष्ठ सदस्य (उत्तर महिला क्लब) भी उपस्थित रहीं, साथ ही इस आयोजन में श्री राजीव अकोटकर,



### क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक उत्तर एनटीपीसी लिमिटेड ने किया शुभारंभ

परियोजना प्रमुख(सिंगरौली), पियूषा अकोटकर, वानिता समाज की अध्यक्षा, पंकज मेदिरत्ता, परियोजना प्रमुख (रिहंद), अनिता मेदिरत्ता, अध्यक्षा, वर्तिका महिला मंडल, एमवी रेड्डी, पूर्व क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (माइनिंग, शिव कुमार कुमावत, उप कमांडेंट (सीआईएसएफ, विंध्यनगर) और स्वाती कुमावत भी उपस्थित रही।

एनटीपीसी विंध्याचल के अन्य वरिष्ठ अधिकारी कार्यक्रम में शामिल हुए, जिनमें मुख्य समन्वयक डॉ. बीसी चतुर्वेदी, मुख्य महाप्रबंधक (चिकित्सा) और सरिका चतुर्वेदी, सुहासिनी संघ की उपाध्यक्षा प्रमुख रूप से शामिल रही। इसके अतिरिक्त, एनटीपीसी विंध्याचल के विभिन्न विभागों के प्रमुख अधिकारियों ने भी इस आयोजन को सफल बनाने में अपना अपना योगदान दिया। सर्वप्रथम मेले की शुरुआत एक छोटे से पूजा समारोह से हुई, जिसके बाद सीएसआर के अंतर्गत विशेष रूप से सक्षम व्यक्तियों को मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल और कंबल वितरित किए गए। तत्पश्चात सभी अतिथियों ने केक काटकर और हवा में गुब्बारे छोड़े। इसके बाद मुख्य अतिथि एवं उपस्थित अन्य अतिथियों ने मेले के विभिन्न स्टॉल्स, जैसे गेम्स, पीआर और पी एंड एस स्टॉल्स का भी दौरा किया गया, जहां उन्हें विंध्यनगर समुदाय की रचनात्मकता और उत्साह देखने को मिला।

संस्कृतिक कार्यक्रम ने शाम को और भी शानदार बना दिया, जिसमें नन्हे बच्चों द्वारा स्वागत गीत, समूह गान, और सुहासिनी संघ, बाल भवन और स्थानीय स्कूलों के बच्चों द्वारा मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियाँ शामिल थीं। इस आयोजन का मुख्य आकर्षण डी पी एस विंध्यनगर के छात्राओं द्वारा प्रस्तुत नाटक था, जो एनटीपीसी की यात्रा को दर्शाता था। इस कार्यक्रम में कुल 119 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिन्होंने सतत भविष्य की उम्मीद का चित्रण किया। इस मेले में हजारों लोग विंध्यनगर टाउनशिप के लेक पार्क क्षेत्र में जमा हुए, जहाँ वे मेले के रंग-बिरंगे माहौल का आनंद ले रहे थे। इस कार्यक्रम को एनटीपीसी विंध्याचल के नगर अनुरक्षण, मानव संसाधन, आई टी एवं विभिन्न विभागों की मदद से इस आयोजन को शानदार तरीके से निष्पादित किया गया, जिससे यह समारोह पूरी तरह से सफल रहा।